प्रेषक,

अपर शिक्षा निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा,
गढ़वाल मण्डल पौडी।

सेवा में,

निदेशक,
प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड
देहरादून।

पत्रांक/सेवा0अराज0/13889-90/3क(2)/30 प्रति0 आपत्ति/2024–25 दिनांक 22 फरवरी 2025

विषयः– **विज्ञप्ति 2023 के क्रम में राजकीय प्राथमिक सेवा मे अन्तर्गत कार्यरत प्रधानाध्यापक, रा0प्रा0वि0/सहायक अध्यापक रा0उ0प्रा0वि0 एवं सहायक अध्यापक राजकीय आदर्श विद्यालय की पदोन्नति 30 प्रतिशत कोटे के अन्तर्गत किये जाने हेतु उपलब्ध कराये गये आवेदन पत्रों में पाई गयी आपत्तियों को विभागीय पोर्टल में प्रदर्शित करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि विज्ञप्ति 2023 के क्रम में गढ़वाल मण्डलान्तर्गत सहायक अध्यापक एल0टी0 के पदों पर प्रेषित अधियाचन में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयन की प्रक्रिया गतिमान है जिसके सापेक्ष राजकीय प्राथमिक सेवा के अन्तर्गत कार्यरत प्रधानाध्यापक रा0प्रा0वि0/सहायक अध्यापक रा0उ0प्रा0वि0 एवं सहायक अध्यापक राजकीय आदर्श विद्यालय के शिक्षकों द्वारा उपलब्ध कराये गये आवेदनों के आधार पर पदोन्नति की कार्यवाही की जानी है। प्रारम्भिक शिक्षा के अन्तर्गत कार्यरत शिक्षकों द्वारा उपलब्ध कराये गये आवेदन पत्रों की जांचोपरान्त पाया गया की सम्बन्धित द्वारा आवेदन पत्रों के साथ कतिपय अभिलेख संलग्न नही किये गये हैं जिससे उनकी वरिष्ठता एवं शैक्षिक अभिलेखों में स्पष्टता नही हो पा रही है।

अतः गढ़वाल मण्डलान्तर्गत प्रारम्भिक शिक्षा में कार्यरत ऐसे शिक्षक जिनके द्वारा स0अ0एल0टी0 के 30 प्रतिशत पदों पर पदोन्नति हेतु आवेदन किया है तथा उनके आवेदनों में आपत्तियां पाई गयी है की सूची सॉफ्ट कॉपी में एवं पत्र की छाया प्रति ई–मेल के माध्यम से विभागीय वेबसाईट पर प्रदर्शित किये जाने हेतु प्रेषित की जा रही है। कृपया अपने स्तर से विभागीय वेबसाईट पर प्रदर्शित करने हेतु निर्देशित एम0आई0एस0 प्रभारी को उक्त सूची एवं पत्र विभागीय वेबसाईट पर प्रदर्शित करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय
22/2/25
(कंचन देवराडी)
अपर शिक्षा निदेशक (मा0शि0)
गढ़वाल मण्डल पौडी।

पृ0सं0/सेवा0अराज0/13889-90/3क(2)/30 प्रति0 आपत्ति/2024–25/ दिनांक उक्तवत।

प्रतिलिपिः– एम0आई0एस0 प्रभारी, कार्यालय, निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, उत्तराखण्ड देहरादून को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

22/2/25
अपर शिक्षा निदेशक (मा0शि0)
गढ़वाल मण्डल पौडी।